सिंहस्थ की तैयारी : ग्रीन फील्ड फोरलेन की डिजाइन बदली

▶ साप्ताहिक लक्ष्य तय कर काम में तेजी लाने के निर्देश

उज्जैन। सिंहस्थ 2028 को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में यह ग्रीन फील्ड फोरलेन कॉरिडोर अहम कड़ी है। प्रशासन की सख्ती और लगातार मॉनिटरिंग से स्पष्ट है कि इस परियोजना को समय पर पूरा कर उज्जैन को बेहतर कनेक्टिविटी देने की पूरी तैयारी है। किसानों के हित का भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ध्यान रखा और ग्रीन फील्ड की डिजाइन बदल दी।

सिंहस्थ 2028 महापर्व को ध्यान में रखते हुए शहर में अधोसंरचना विकास कार्यों ने गति पकड़ ली है। इसी क्रम में इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड फोरलेन कॉरिडोर के निर्माण कार्य का सोमवार

को संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने एमपीआरडीसी अधिकारियों के साथ चंद्रावतीगंज पहुंचकर निरीक्षण किया।

सोमवार को अधिकारियों ने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि परियोजना को तय समय सीमा में हर हाल में पूर्ण किया जाए। इस नए हाईवे के बन जाने के बाद इंदौर से उज्जैन की यात्रा मात्र 30 से 35 मिनट में पूरी हो सकेगी। वर्तमान में लगने वाले समय की तुलना में यह एक बड़ा बदलाव होगा, जिससे श्रद्धालुओं, पर्यटकों और आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। परियोजना को लेकर किसानों की मांगों को ध्यान में रखते हुए इसे एलिवेटेड के बजाय जमीनी स्तर पर बनाने का निर्णय लिया गया है। यह सड़क नॉन-एक्सेस कंट्रोल होगी, जिससे कहीं से भी एंट्री और एग्जिट संभव रहेगा, जो स्थानीय लोगों के लिए सुविधा बढ़ाएगा।

28 गांवों की जमीन से गुजर रहा कॉरिडोर

इस परियोजना के लिए 175 हेक्टेयर से अधिक निजी भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है, जिसमें इंदौर और उज्जैन के करीब 28 गांव शामिल हैं। प्रशासन द्वारा भूमि अधिग्रहण और निर्माण कार्य को संतुलित तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है।

साप्ताहिक लक्ष्य तय, 48 किमी का हाईवे

निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त ने साप्ताहिक लक्ष्य तय कर कार्य को तेज गति से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने को कहा, ताकि सड़क निर्माण दीर्घकालिक और मजबूत हो सके। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस महत्वाकांक्षी परियोजना को सिंहस्थ से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा है। करीब 48.10 किमी लंबे इस फोरलेन ग्रीन फील्ड कॉरिडोर के निर्माण से इंदौर और उज्जैन के बीच दूरी और समय दोनों में बड़ी कमी आएगी।

खदान में डूबे 9 बच्चे, 7 को सुरक्षित निकाला

▶ नागझिरी थाना क्षेत्र के ग्राम करोंदिया में सोमवार शाम को हुआ हादसा

उज्जैन। नागझिरी थाना क्षेत्र के ग्राम करोंदिया में सोमवार शाम हादसा हो गया। नहाने गये 9 बच्चे खदान में डूब गये।7 को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। लेकिन 2 नहीं मिले। जिनकी तलाश के लिये रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया है।

नागझिरी थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम करोंदिया में कई खदान बनी हुई है। जिसमें पानी भरा हुआ है। शाम के समय कुछ बच्चे हिन्दू-मुस्लिम समुदाय के खदान में नहाने गये थे। इस दौरान कुछ बच्चे गहरे पानी में चले गये। बच्चों को डूबता देख 7 को लोगों ने सुरक्षित बाहर निकाला लिया। लेकिन 2 बच्चे गहराई में चले गये थे। जिनकी तलाश के लिये एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया और सर्चिंग शुरू की गई। देर शाम 7.30 बजे के लगभग एक बच्चे का शव गहराई में दिखाई देने लगा था, जिसे बाहर निकालने के प्रयास जारी थी। डूबे बच्चों के नाम शुभम और अनस सामने आ रहे हैं। इस खबर मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई थी। थाना प्रभारी कलम निगवाल के अनुसार बच्चों को बाहर निकालने के बाद मामला स्पष्ट हो पाएगा। बच्चे करोंदिया के आसपास के रहने वाले हैं।

एक नजर में

रामघाट-ऊंडासा में यात्रियों को बांटे बिस्किट

उज्जैन। मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड भोपाल की महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के अंतर्गत पंचक्रोशी यात्रा के समापन अवसर पर यात्रियों का स्वागत किया गया। संस्था सेंटर फॉर एडवांस रिसर्च एंड डेवलपमेंट कार्ड द्वारा ग्राम ऊंडासा तथा रामघाट पर परियोजना की तरफ से यात्रियों को कैप और बिस्किट के पैकेट वितरित किए गए। इस दौरान यात्रा कर रही महिलाओं को परियोजना के उद्देश्यों से अवगत कराया गया। संस्था के सदस्यों ने बताया कि पर्यटन बोर्ड की इस पहल के तहत महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण और सम्मान को लेकर कार्य किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य महिला पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, उन्हें अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना और कौशल प्रशिक्षण के जरिए उनके आर्थिक व सामाजिक विकास के स्तर को ऊंचा उठाना है। कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि संस्था द्वारा प्रशिक्षित महिलाएं वर्तमान में अलग-अलग क्षेत्रों में सुरक्षाकर्मी, ई-रिक्शा चालक, पेट्रोल पंप कर्मी, बिलिंग एग्जीक्यूटिव और हैंडीक्राफ्ट आर्टिस्ट के रूप में कार्य कर रही हैं, जो महिला सशक्तिकरण का एक बेहतरीन उदाहरण है। महिलाओं की आत्मनिर्भरता के बारे में सुनकर मौजूद यात्रियों ने प्रशंसा की तथा मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड भोपाल व संस्था कार्ड को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर संस्था कार्ड से परियोजना समन्वयक अमृता चतुर्वेदी, सेंटर मैनेजर अरविंद श्रीवास तथा जैनुल आब्दीन हुसैन उपस्थित रहे।

गौड़ ब्राह्मण समाज ने की महाआरती

उज्जैन। श्री हरि विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा नगरकोट धर्मशाला स्थित हारितेश्वर महादेव मंदिर में विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान परशुराम की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया गया। पश्चात महाआरती कर प्रसाद स्वरूप मिठाइयां बांटी गईं। यह आयोजन अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. घनश्याम शर्मा कालवानिया के मुख्य आतिथ्य और उज्जैन समाज के अध्यक्ष वरुण शर्मा सिंगवाडिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समाज के युवा संगठन प्रमुख सुदर्शन शर्मा ने बताया कि जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर में स्थापित प्रतिमा का सर्वप्रथम मां क्षिप्रा के जल, पंचामृत और दूध से अभिषेक किया गया। इसके बाद पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर प्रो. डॉ. केशवमनी शर्मा, पवन शर्मा, देवेश्वर शर्मा, मनोज शर्मा, अनुज शर्मा, गोपाल शर्मा और भगत शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। अंत में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम के चरणों में पुष्प अर्पित कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

गायक अमित शर्मा अटल अवार्ड से सम्मानित

उज्जैन। गायन एवं मंच संचालन के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियों के लिए गायक अमित शर्मा को प्रतिष्ठित अटल अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें श्रीमंत राजमाता विजयराजे सिंधिया फाउंडेशन और अटल भारत कल्चरल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। सम्मान समारोह के अवसर पर अमित शर्मा ने प्रेरणादायी और राष्ट्रीय गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में आईपीएस अधिकारी वीरेंद्र मिश्रा, कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज, दुर्गेश नंदिनी शर्मा, डॉ. दीपा बजाज, भावना जोशी, चित्रेश शर्मा, सतिंदर कौर सलूजा और सुरेंद्र यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की रूपरेखा और सफल संचालन डॉ. अनामिका शर्मा ने किया।

साईं मंदिर प्रांगण में बरामदे का भूमिपूजन

उज्जैन। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सुबह साईं मंदिर प्रांगण में एक नए बरामदे का विधि-विधान से भूमिपूजन किया गया। यह निर्माण कार्य प्रांगण में ही स्थित हनुमान मंदिर के ठीक सामने किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर समिति के पदाधिकारियों सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में रमेश परवाल, सचिव हेमन्त खण्डेलवाल, दीपक बेलानी, राजेन्द्र पटेल, मोहनलाल शाह, जनार्दन नातू, पीयूष मालवीय, सत्यनारायण और दद्दू की उपस्थिति रही।

टल्ला लगने पर हुए विवाद में युवक को मारे चाकू

▶ शादी समारोह में हुआ था विवाद, परिजन घायल को लेकर अस्पताल पहुंचे



उज्जैन। रात 12.30 बजे टल्ला लगने की बात पर युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। गंभीर घायल युवक को चरक अस्पताल लाया गया जहां से रात में उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया है।

आगर रोड स्थित बापू नगर में रहने वाले हेमंत उर्फ अभिषेक पिता रामबाबू परिहार की गली में शादी का कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान निकलने पर अभिषेक उर्फ हेमंत और सुजल चौहान आपस में टकरा गए। टल्ला लगने पर सुजल ने विवाद किया लेकिन मामला शांत हो गया। रात 12.30 बजे के लगभग सुजल अपने एक साथी के साथ वापस लौटा और हेमंत उर्फ अभिषेक पर चाकू से हमला कर दिया। घायल हेमंत को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे सुजल मौके से भाग निकला। चरक अस्पताल से सूचना मिलते ही पुलिस घायल के बयान दर्ज करने पहुंची लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे निजी अस्पताल ले जाया गया था। पुलिस ने रात में ही बयान दर्ज कर सुजल पिता अशोक चौहान निवासी बापूनगर और उसके साथी के खिलाफ जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज कर लिया। सुजल घर से फरार हो गया है जिसकी तलाश की जा रही है।

अज्ञात लोगों ने युवक पर किया हमला

घट्टिया तहसील के ग्राम भूतिया बड़ला में रहने वाला मांगीलाल पिता घासीराम बंजारा 30 साल बेलदारी का काम करता है। रात में उज्जैन से कम कर बस से घट्टिया लौटा था। जहां से पैदल घर की ओर जा रहा था। इस दौरान पीछे से अज्ञात लोगों ने उसे पर हमला कर दिया। गांव में शादी थी कुछ लोगों ने घायल पड़े युवक का वीडियो बनाया और वायरल कर दिया कुछ देर में घायल की पहचान हो गई। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे सुबह तक मांगीलाल को होश नहीं आया था। होश आने पर ही उसे पर हमला करने वालों की जानकारी सामने आ पाएगी। उसके बाद भी पुलिस मामले में कुछ खुलासा कर पाएगी।

हजारों यात्रियों का किया नि:शुल्क उपचार

उज्जैन। पांच दिवसीय पंचकोशी यात्रा में शामिल होते हैं। 118 किलोमीटर की इस कठिन पैदल यात्रा में श्रद्धालु 84 महादेव के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। इस लंबी यात्रा को श्रद्धालुओं के लिए सुगम और सरल बनाने के उद्देश्य से आरोग्य भारती मालवा प्रांत के उज्जैन महानगर एवं ग्रामीण इकाई द्वारा यात्रा मार्ग पर अनेक स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। एसपी अहिरवार ने बताया कि शिविरों में यात्रियों को नि:शुल्क दवाइयों के साथ-साथ दर्द निवारक मरहम उपलब्ध कराए गए। यात्रा के दौरान गंभीर रूप से बीमार हुए यात्रियों को एंबुलेंस के माध्यम से सिविल अस्पताल (चरक) भेजा गया। इन स्वास्थ्य शिविरों के सफल संचालन में जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक पटेल और उनकी स्वास्थ्य टीम का विशेष सहयोग रहा।

दुष्कर्म का आरोपी 6 घंटे में पकड़ाया

▶ रविवार दोपहर नाबालिग से गलत कार्य करने वाले आरोपी युवक को न्यायालय में पेश किया गया

उज्जैन। नाबालिग को अकेला पाकर 4 माह पहले दुष्कर्म करने वाले युवक को पुलिस ने मामला सामने आने के बाद 6 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। रविवार दोपहर आरोपी युवक को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

चिंतामण थाना क्षेत्र के गांव में रहने वाली 17 साल की बालिका को परिजन शनिवार शाम थाने लेकर पहुंचे थे। जहां नाबालिग ने बताया कि उसके माता-पिता प्रतिदिन सुबह मजदूरी पर चलते जाते है, वह घर पर अकेली रहती है। 4 माह पहले गांव के रहने वाले अमन पिता संजू चौहान ने उसे अकेला पाकर उसके साथ अनैतिक काम किया था और धमकी दी कि किसी को बताया तो जान से मार देगा।

भय के चलते नाबालिग ने नहीं बताई थी बात

वह काफी डर गई थी। जिसके चलते परिजनों को घटना नहीं बताई। परिजनों ने बताया कि पेट दर्द होने पर बेटी को अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां गलत काम होना सामने आया। थाना प्रभारी हेमराज यादव के अनुसार मामला नाबालिग के साथ अनैतिक काम और धमकी देने का होना पर आरोपित युवक अमन के खिलाफ संगीन धारा में प्रकरण दर्ज किया गया और गिरफ्तारी के लिये चुन्नीलाल माले, राहुल कुशवाह, गणेश कुमार, प्रेरणा की टीम बनाई गई। अमन के ठिकानों का पता लगाया गया और दबिश दी गई। 6 घंटे में आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

फरार कराने वाले 6 आरोपी धराए

▶ हीरामिल की चाल में गोली चलाने वाले कुख्यात बदमाश अमनोल गुर्जर का मामला

उज्जैन। हीरामिल की चाल में गोली चलाने वाले आरोपियों में शामिल कुख्यात बदमाश अमनोल गुर्जर को फरार कराने वाले 6 आरोपियों को पुलिस ने अभिरक्षा में ले लिया है। अनमोल की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। गोलीकांड का मुख्य आरोपी पूर्व में पकड़ा गया था, जो जेल की सलाखों में है। देवासगेट थाना क्षेत्र में 14 अप्रैल की रात हीरामिल की चाल ब्रिज के नीचे लव निर्मल निवासी विष्णुपुरा को दोनों पैरों में गोली मार दी गई थी। पुलिस ने चंद घंटो में गोली मारने वाले मुख्य आरोपी जय उर्फ बच्चा चौहान निवासी शांतिनगर को गिरफ्तार कर 12 बोर का कट्टा बरामद किया था। पूछताछ में उसने अनमोल गुर्जर और एक अन्य साथी के साथ पुरानी रंजीश में गोली मारना कबूल किया था। पुलिस अनमोल और फरार एक अन्य साथी की तलाश में लगी थी। इस बीच फरार अन्य आरोपी विकास पिता रमेशचंद्र सिरोलिया अमननगर छोटी मायापुरी को गिरफ्तार किया गया। जिसने पूछताछ में अनमोल की फरारी में मदद करने वाले नवनीत पिता धोलालाल नायक 22 साल जयसिंहपुरा, यशवंत उर्फ यश पिता संजय कौशल 21 साल राधा परिसर नानाखेड़ा, जतिन पिता मोहनलाल सूर्यवंशी 20 साल महाकाल मार्ग, प्रीतम पिता गजराजसिंह ठाकुर 20 साल डांडा भवन क्षेत्र और शीतल उर्फ शीतू पिता दिलीप त्रेणावत 23 साल निवासी संजय नगर नानाखेड़ा के नामों का खुलासा किया। विकास सारोलिया को रिमांड पर लेकर अनमोल की फरारी में मदद करने वाले पांचों आरोपियों को अभिरक्षा में ले लिया गया। जिनके पास से एक पल्सर बाईक और सुजुकी एक्सेस गाड़ी बरामद की गई है। सभी से अनमोल और अन्य बदमाशों के संबंध में पूछताछ जारी है।

मादक पदार्थ ड्रग्स के साथ हिरासत में तीन बदमाश

▶ दो गैंग के बीच चली आ रही रंजिश में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान में तीन बदमाशों को पकड़ा

उज्जैन। शहर में दो गैंग के बीच चली आ रही रंजिश में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान में तीन बदमाशों को मादक पदार्थ ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया है। एक आई 20 कार भी बरामद की गई है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि उण्डासा रोड गरोठ रोड पुलिया के नीचे एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स लिये किसी अन्य व्यक्ति को देने के उद्देश्य से खड़ा है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक राजाराम चौहान मय पुलिस बल के मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचे। एक व्यक्ति पुलिया के नीचे खड़ा दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम धर्मेन्द्र उर्फ धम्मू पिता श्यामसिंह बुंदेला 51 वर्ष निवासी जनता कॉलोनी, आगर रोड, उज्जैन बताया। आरोपी बुंदेला गैंग का सक्रिय सदस्य है तथा कुख्यात बदमाश जीतू बुंदेला का भाई होना सामने आया है। तलाशी लेने पर लोवर (पेन्ट) की दाहिनी जेब से एक पारदर्शी प्लास्टिक पन्नी में हल्के पीले रंग का संदिग्ध पदार्थ मिला। उक्त पदार्थ की पहचान एमडी ड्रग्स के रूप में की गई। जो 28 ग्राम कीमत करीब 35 हजार रुपये बरामद हो गया। मोके से धर्मेंद्र की कार एमपी-13 सीसी 3125 भी जब्त की गई है।

नीलगंगा पुलिस ने पकड़ी 25 ग्राम ड्रग्स

नीलगंगा थाना पुलिस ने वाकणकर ब्रिज के पास पार्किंग स्थल से नमन उर्फ नवीन पिता हरनाम सिंह गुर्जर 30 वर्ष, निवासी विश्वबैंक कॉलोनी, चिमनगंज और चंद्रशेखर पिता हरनाम सिंह गुर्जर 38 वर्ष को पकड़ा है। दोनों के पास से 25 ग्राम एम.डी. ड्रग्स मिली है। दोनों मामलों में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 का प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। बता दें कि अप्रैल माह में पुलिस ने अब तक मादक पदार्थों की अनेक बार धरपकड़ की है।

जीएसटी पोर्टल की तकनीकी समस्याओं से करदाता त्रस्त, अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग

▶ टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसो. ने अधिकारियों को बताई वास्तविक स्थिति

उज्जैन। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम माह मार्च का जीएसटीआर थ्री-बी रिटर्न जमा करने में करदाताओं और कर सलाहकारों को भारी तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

लगातार आ रही इन बाधाओं को देखते हुए टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन ने शासन से अंतिम तिथि में तत्काल वृद्धि करने की मांग की है। मार्च का रिटर्न पूरे वर्ष का अंतिम समायोजन होता है। इसके माध्यम से कर देयता का अंतिम निर्धारण और सरकार को राजस्व का भुगतान किया जाता है। कर विभाग द्वारा रिटर्न जमा करने के लिए निरंतर दबाव बनाया जा रहा है, लेकिन वास्तविक स्थिति यह है कि जीएसटी पोर्टल लगातार तकनीकी समस्याओं से जूझ रहा है। टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के सचिव प्रसून भवालकर ने उज्जैन संभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर जमीनी समस्याओं से अवगत कराया है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि वर्तमान संकट करदाताओं की लापरवाही का परिणाम नहीं है, बल्कि यह पूरी तरह पोर्टल की तकनीकी विफलता है। व्यापारिक संघों ने सरकार से मांग की है कि व्यावहारिक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए मार्च माह के थ्री-बी रिटर्न की अंतिम तिथि बढ़ाई जाए। ताकि कर प्रणाली में विश्वास बना रहे और ईमानदार करदाता अनावश्यक दंडात्मक कार्रवाई से बच सकें।

यह आ रहीं प्रमुख बाधाएं

वर्तमान में चालान जनरेट नहीं हो पा रहे हैं, जिससे कर भुगतान बाधित है। पोर्टल बार-बार रुक रहा है और लॉग-इन तथा सबमिशन में त्रुटियां आ रही हैं। रिटर्न सेव और फाइल करने में समय लग रहा है। कई मामलों में डेटा स्वत: दर्ज नहीं हो रहा है, जिससे मिलान कार्य प्रभावित हो रहा है।

दशम सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

उज्जैन। अक्षय तृतीया के अवसर पर राणा राजपूत समाज द्वारा समाज की धर्मशाला पर दशम सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। समाज अध्यक्ष अंबाशंकर गेहलोत व ललित गेहलोत ने बताया कि वर्ष 1996 से शुरू हुई इस परंपरा के तहत यह दसवां आयोजन है। वरिष्ठ सदस्य प्रेम गेहलोत व जगदीश गेहलोत ने बताया कि हर तीन वर्ष में होने वाले इस सम्मेलन में इस बार 14 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ, जिनमें 9 जोड़े मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत शामिल रहे, जबकि 5 जोड़ों का विवाह समाज द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के साथ राजस्थान व गुजरात से भी बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। कार्यक्रम में महिलाओं की विशेष भागीदारी रही। अंत में युवा कार्यकारिणी अध्यक्ष निलेश गेहलोत ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विपिन सोलंकी, पुरुषोत्तम गेहलोत, मनोज गेहलोत, भरत तंवर, संजय तंवर, अवंतिलाल सोलंकी, भगवान बाघेला, कैलाश गेहलोत, राधेश्याम कोशिश सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। यह जानकारी निलेश हरिलाल कोशिशा ने दी।

श्री महाराष्ट्र समाज उज्जयिनी में आज नि:शुल्क सामूहिक उपनयन संस्कार

▶ भोपाल, इंदौर, ग्वालियर सहित मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों से आयेंगे समाजजन

उज्जैन। श्री महाराष्ट्र समाज उज्जयिनी द्वारा वैशाख शुक्ल पंचमी और श्री आदि शंकराचार्य जयंती के उपलक्ष्य में आज मंगलवार 21 अप्रैल को नि:शुल्क सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक एवं श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुरोहित वेदमूर्ति पं. विश्वास करहाड़कर तथा निलेश नेमावरकर ने बताया कि तिलक स्मृति मंदिर, 49 क्षीरसागर स्थित समाज भवन धर्मशाला में आयोजित समारोह में शामिल होने के लिए भोपाल, ग्वालियर, रीवा, इंदौर, उज्जैन सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों से समाजजन पहुंचेंगे। बाहर से एक दिन पूर्व आने वाले अतिथियों के लिए समाज भवन में ठहरने की नि:शुल्क व्यवस्था भी की गई है। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं और इसे सफल बनाने में समाज अध्यक्ष पंकज चांदोरकर, उपाध्यक्ष सदाशिव नायगांवकर, सचिव सुशील मुळे, सह सचिव मिलिंद पन्हाळकर एवं यशवंत तिळगुळकर, कोषाध्यक्ष रवीन्द्र मुळे और कार्यकारिणी सदस्य वसंत आपटे, सुचित्रा केतकर, प्रदीप जोग तथा दिलीप जोशी का विशेष सहयोग रहेगा।

सीएम ने दी सौगात ▶ विजेता को 5.51 लाख और उपविजेता भील बॉयज झाबुआ को मिले 2.51 लाख रुपए

जयपुर के शिवम कंप्यूटर ने जीती फिरोजिया ट्रॉफी

उज्जैन। क्षीरसागर मैदान में भूरेलाल फिरोजिया सामाजिक एवं शोध संस्थान द्वारा आयोजित अभा डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता फिरोजिया ट्रॉफी 2026 का सफलतापूर्वक समापन हो गया है। अंतिम प्रतिस्पर्धा में राजस्थान की शिवम कंप्यूटर जयपुर की टीम विजेता बनी, जबकि भील बॉयज झाबुआ की टीम उपविजेता रही।

समापन समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सम्मिलित हुए। उन्होंने पूर्व विधायक स्वर्गीय भूरेलाल फिरोजिया के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस गरिमामयी अवसर पर उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा और भाजपा जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल की विशेष उपस्थिति रही। समारोह के दौरान खिलाड़ियों के आग्रह पर सांसद अनिल फिरोजिया ने क्षीरसागर मैदान पर स्थायी प्रकाश व्यवस्था का विषय उठाया, जिस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंच से ही मैदान में प्रकाश व्यवस्था की घोषणा की।

अंतिम मैच के बाद विजेता टीम शिवम कंप्यूटर जयपुर को 5 लाख 51 हजार रुपए की नकद राशि और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं, उपविजेता रही भील बॉयज झाबुआ को 2 लाख 51 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया।

सीमा रेखा के बाहर कैच लपकने पर भी पुरस्कार

इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को उपयुक्त मंच प्रदान करना और युवाओं को प्रेरित करना है। अंतिम मैच के दौरान खिलाड़ियों के साथ-साथ दर्शकों में भी भारी उत्साह देखा गया। मैच के दौरान सीमा रेखा के बाहर कैच लपकने वाले दर्शकों को सांसद अनिल फिरोजिया की ओर से नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।